हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

9 इंटर पॉलीटेक्निक एथलेटिक मीट का हुआ आगाज, दौड़ में नेहा व मनीष रहे प्रथम



10 दूसरे दिन भी जारी रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल



**खबर संक्षेप**

### बेरी में अवैध कॉलोनी काटने पर कार्रवाई

**बेरी।** जिला नगर योजनाकार द्वारा बेरी तहसील में भू-माफियाओं द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संबंधित खसरा नंबरों पर जमीन की बिक्री व खरीद पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। जिला नगर योजनाकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार बेरी खास गांव में बगैर लाइसेंस/सीएलयू/एनओसी के अवैध कॉलोनी विकसित करने के खिलाफ कार्रवाई की गई है। भू-माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से कॉलोनी विकसित करने के कार्य के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए गए हैं।

### मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** परनाला स्थित एक मकान में हुई चोरी की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में एक आरोपी को काबू किया गया है। उससे चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया गया है। दरअसल, विनोद ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके मकान से ऑटो व तीन सिलेंडर चोरी हो गए। उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कृष्ण के रूप में हुई है। भिवानी के प्रेम नगर का रहने वाला है। उससे ऑटो व तीन सिलेंडर रिकवर किए गए हैं। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र लापता

**बहादुरगढ़।** घर से कोचिंग सेंटर के लिए निकला एक नवयुवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। नया गांव के निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसका लड़का अनुवंश बहादुरगढ़ में स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ता है। सोमवार की सुबह करीब छह बजे वह सेंटर जाने के लिए घर से निकला लेकिन वापस नहीं आया। काफी देर इंतजार करने के बाद सेंटर से पता किया तो सामने आया कि वह वहां पहुंचा ही नहीं। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को सूचना दी।

### 20 को कुरुक्षेत्र में करेंगे धरना-प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी तथा अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने बताया कि वर्षों से लंबित हरियाणा सरकार से संबंधित मुद्दों को लेकर 20 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पर धरना देगा तथा विरोध प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार किसान विरोधी नीतियों को फिर से लागू करने प्रयास कर रही है। हरियाणा के सभी जिलों से विभिन्न संगठनों से जुड़े किसान मजदूर 20 मार्च को को होने वाले धरने-प्रदर्शन में बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।

## कोबी से जुड़े उद्यमियों ने बजट में की घोषणाओं के लिए सीएम का जताया आभार

# बहादुरगढ़ के आसपास बनाया जाए ट्रांसपोर्ट नगर व ड्राईपोर्ट

बैठक में उद्यमियों ने बहादुरगढ़ के आसपास ट्रांसपोर्ट नगर एवं ड्राईपोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित करने का अनुरोध किया। इससे झज्जर जिले के उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार और राजस्व में वृद्धि होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। गणपति धाम में हुई बैठक में चर्चा करते कोबी सदस्य व पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज द्वारा मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्रस्तुत बजट में औद्योगिक विकास के लिए की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं का स्वागत किया गया। साथ ही पिछले वर्षों से संगठन द्वारा उठाई गई मांगों में से कुछ को बजट में घोषणा का हिस्सा बनाने के लिए सीएम का आभार जताया गया।

मंगलवार को गणपति धाम में हुई बैठक में उद्यमियों ने बहादुरगढ़ के आसपास ट्रांसपोर्ट नगर एवं ड्राईपोर्ट जैसी सुविधाएं विकसित करने का अनुरोध किया। इससे झज्जर जिले के उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार और राजस्व में वृद्धि होगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए बनी योजनाएं ईमानदारी से धरातल पर क्रियांवित होंगी। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, उपाध्यक्ष विपिन बजाज, महासचिव प्रदीप कौल, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल, सदस्य पुरुषोत्तम गोयल, रवि चमरिया, सुनील गर्ग, दीपक शर्मा, गुरप्रीत सिंह, अमृत गोयल, राजेश गुप्ता, तिलक राज गर्ग, आरबी यादव, राजेश गर्ग, जगदीश चंद बंसल, गणेश गुप्ता, अमरीक सिंह लाल, विजेंद्र गुलाटी, योगेश कुमार, नवल गर्ग आदि ने इस बजट को औद्योगिक विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम करार दिया।

सरकार द्वारा अनाधिकृत औद्योगिक क्षेत्रों में 50 उद्यमी एवं 10 एकड़ से अधिक भूमि के साथ सामूहिक आवेदन करने पर वैधता प्रदान करने के ऐलान का कोबी सदस्यों ने स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि इससे बहादुरगढ़ के बालाजी औद्योगिक क्षेत्र, सूर्या नगर व एमआईई फ्री होल्ड क्षेत्र की सैकड़ों औद्योगिक इकाइयों को राहत मिलेगी। प्रवीण गर्ग ने औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए बजट आवंटित करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण पूरा होने से कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

राज्य सरकार द्वारा 2 हजार करोड़ के 'फंड ऑफ फंड्स' की घोषणा से नए स्टार्टअप और उद्यमियों को वित्तीय सहायता मिलेगी। नई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होने से औद्योगिक क्षेत्रों में कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। छोटे और मध्यम उद्योगों को सीएक्यूएम मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रेट्रोफिट एमिशन कंट्रोल डिवाइस अपनाने के लिए वित्तीय सहायता देने का निर्णय भी सराहनीय है। उन्होंने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष बालकिशन अग्रवाल का भी धन्यवाद करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया।



झज्जर। नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

## खच्चर रेहड़ी के नीचे कुचले जाने से श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव किलड़ौध के नजदीक एक ईंट भट्ठा पर खच्चर रेहड़ी के नीचे कुचले जाने के कारण श्रमिक की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा वहां स्थित श्रमिकों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान क्षेत्र के गांव माछरौली निवासी करीब 52 वर्षीय रामफल पुत्र शुभराम के तौर पर हुई है। जानकारी अनुसार जब रामफल खच्चर रेहडी में कच्ची ईंटें भरकर उन्हें ईंट भट्ठा पर ले जाने लगा तो अचानक उसका हाथ फिसल गया और वह नीचे गिर गया। इस दुर्घटना में खच्चर रेहडी का टायर उसकी छाती के ऊपर से गुजर गया जिसके कारण वह हादसे का शिकार हो गया।

मामले के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि मृतक के बेटे सोनू के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।

## ऑनलाइन टॉस्क पूरा कराने के झांसे में गंवाए 1 लाख 36 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

ऑनलाइन टॉस्क पूरा करके रुपये कमाने के चक्कर में एक आर्मी जवान के साथ 1 लाख 36 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामला निकटवर्ती गांव खेड़ी खुम्मार का है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसका पुत्र जो आर्मी में नौकरी करता है। उसके पास बीती आठ मार्च को टेलीग्राम पर लिंक आया, जिसमे होटल की रेटिंग करनी थी। इसमें उसे तीन टॉस्क दिए गए जिन्हें पूरा करने पर पचास-पचास रुपये डाले गए।

उसके बाद उसे दो हजार रुपये का टॉस्क मिला जिसके बदले उसे तीन हजार रुपये वापिस मिले। पीड़ित के अनुसार ऐसा करते हुए उससे पहले सात हजार, फिर 33 हजार एक सौ रुपये व तीसरी बार 98 हजार रुपये फोन के माध्यम से ट्रांसफर कराए गए।

### खाते से निकले एक लाख 77 हजार

**बहादुरगढ़।** लोगों के खातों से रुपये निकलने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। लोगों को पता भी नहीं होता और उनके खाते से निकासी हो जाती है। ऐसी ही वारदात ओमेक्स के निवासी मुंशी राम के साथ हुई है। जब उसने अपना मोबाइल में मैसेज देखा तो वारदात का पता चला। मुंशीराम का कहना है कि वह कसार में स्थित एक कंपनी में काम करता है। कुछ दिन पहले मेरे फोन पर खाते से 79 हजार रुपये कटने का मैसेज आया। कुछ ही देर बाद एक और मैसेज आया। इस दफा दूसरे बैंक खाते से 98 हजार रुपये की निकासी हो गई। किसी ने धोखाधड़ी से यह वारदात की है। इसके बाद उसने ऑनलाइन शिकायत दी। अब सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज हो पाया है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जिन खातों में रुपये ट्रांसफर हुए हैं, उनकी डिटेल लेकर जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

### ट्रक व पिकअप की टक्कर में चार किसान घायल

**बहादुरगढ़।** केएमपी एक्सप्रेस वे पर आसौदा के पास ट्रक और पिकअप गाड़ी की टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप गाड़ी में सवार चार किसान घायल हो गए। घायलों की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। घायल की पहचान दिनेश निवासी झाड़ोदा कोसली, प्रदीप व भीम निवासी खेड़ी रामगढ़ तथा प्रदीप निवासी दखोरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रिवाड़ी जिले के ये चारों लोग पेशे से किसान हैं। अपने खेतों में काम कराने के लिए इन्हें लेबर की जरूरत थी। पिकअप गाड़ी में सवार होकर ये यूपी में लेबर लेने जा रहे थे। रात साढ़े 11 बजे जब आसौदा के निकट केएमपी सर्विस लाइन के पास पहुंचे तो यहां अचानक आगे चल रहे ट्रक ने ब्रेक लगा दिए। इस दौरान इनकी पिकअप गाड़ी ट्रक से टकरा गई। भीषण टक्कर में चारों बुरी तरह से घायल हो गए। इन्हें बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां से बेहतर ईलाज के लिए रेफर कर दिए गए। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## रोडवेज बस की चपेट में आने से महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार दोपहर शहर के भगत सिंह चौक पर हरियाणा रोडवेज बस की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने जब देखा तो उन्होंने उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। खास बात यह है कि घायल महिला उसी बस में सवार होकर अपने गांव से यहां पहुंची थी। घायल महिला की पहचान अकेहड़ी मदनपुर निवासी लाली के तौर पर हुई है। अस्पताल में महिला की हालत गंभीर बताई गई। बस के अगले टायर के नीचे आने से उसके पैरों में चोट आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला उसी बस से भगत सिंह चौक पर उतरी थी। जब वह बस से उतर कर बस के आगे से सड़क क्रॉस करने लगी इसी दौरान बस चल पड़ी और वह अगले टायर के नीचे आ गिरी। बाद में चिकित्सकों द्वारा लाली की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।



झज्जर। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर करते हुए।

### सवारी गाड़ी शुरू होने से मिली राहत

**बहादुरगढ़।** दिल्ली रोहतक दैनिक रेलयात्री समिति की मांग पर जींद दिल्ली सवारी गाड़ी का संचालन फिर से आरंभ होने पर यात्रियों को राहत मिली है। सवारी गाड़ी नंबर 54034 बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम के 5 बजकर 55 मिनट की बजाय 7 बजकर 6 मिनट पर पहुंची। दरअसल, यह गाड़ी पिछले 6 माह से अधिक समय से रद्द चल रही थी। दैनिक रेलयात्री समिति द्वारा लिखे पत्र पर संज्ञान लेते हुए रेल विभाग द्वारा इस गाड़ी का संचालन आरंभ किया गया है। शाम के समय गाड़ी के संचालन से जींद से दिल्ली तक यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के लिए यह गाड़ी बहुत ही महत्वपूर्ण है। मंगलवार से गाड़ी नंबर 54031 दिल्ली जींद सवारी गाड़ी का संचालन भी आरंभ हो गया। रेल यात्रियों में इस गाड़ी के दोबारा शुरू होने से खुशी की लहर है।



बहादुरगढ़। मंगलवार को सेक्टर-2 में योगाभ्यास करते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

## सेक्टर-2 में भाजपाइयों ने किया योग

**बहादुरगढ़।** मंगलवार को सेक्टर-2 में स्थित भाजपा नेता दिनेश कौशिक के कार्यालय पर योग शिविर का आयोजन किया गया। योग सहायक सुनील देवी द्वारा कैंप में योगाभ्यास करवाया गया। उन्होंने वर्तमान समय में योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति ने किया। शिविर की शुरुआत ओउम के उच्चारण से हुई। योग सहायक सुनील देवी ने साधकों को योग के गुर सिखाए। सुनील देवी ने अनुलोम-विलोम, प्राणायाम सहित अन्य योगासन करवाएं। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय जीवनशैली का अभिन्न अंग है। यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अनेक लाभ प्रदान करता है। हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए। बीमारियों से बचाव के लिए योग बेहद जरूरी है। इस अवसर पर बिरजू शर्मा, दुष्यंत काजला, टीनू शर्मा, शेखर कौशिक, राजेश कौशिक, महेंद्र, दलीप पांचाल व उमेद दलाल आदि ने योगाभ्यास किया।

### खरमाण गांव में करंट लगने से पूर्व सैनिक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव खरमाण में मंगलवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां करंट का झटका लगने से एक पूर्व सैनिक सीढ़ियों से गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों के बयान पर सदर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान करीब 46 वर्षीय संदीप के रूप में हुई है। खरमाण का निवासी संदीप सेना से सेवानिवृत्त था। फिलहाल एक बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह वह अपने घर के निकट सीढ़ी पर चढ़कर पोल पर बिजली संबंधित कोई काम कर रहा था। इसी दौरान उसे करंट का झटका लगा और सीढ़ियों से नीचे गिर गया। करंट लगने व गिरने से उसे काफी चोट आई। आनन फानन में परिजनों ने उसको संभाला और बहादुरगढ़ के एक अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान उनको मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने मृतक के शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। सदर थाना पुलिस का कहना है कि हादसे में एक पूर्व सैनिक की मौत हुई है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की गई है। जांच जारी है।

## दुल्हेड़ा में वाहन की चपेट में आने से किसान की मौत

- परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव दुल्हेड़ा में सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है।

मृतक की पहचान करीब 52 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात को वह अपने खेतों की तरफ से घर लौट रहे थे। जब रास्ते में इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। उन्हें गंभीर चोट आई। जब तक परिजन मौके पर पहुंचते, देर हो चुकी थी।

अस्पताल ले गए तो चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। मंगलवार को परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। इस संबंध में मृतक मुकेश के भतीजे के बयान पर बादली थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही पहचान कर उसे काबू किया जाएगा।



बहादुरगढ़। निशा व मनीषा का स्वागत करती प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा।

### छात्राओं के लिए विशेष योग कक्षाएं लगाई

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से विशेष योग कक्षाओं का आयोजन किया गया। योग सहायिका निशा व मनीषा द्वारा सप्ताह में तीन दिन प्रार्थना काल में योगाभ्यास करवाया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.आशा शर्मा ने निशा व मनीषा को पटका व पौधा देकर सम्मानित किया। योग करने से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। हमें बीमारियों से बचने के लिए प्रातः काल जल्दी उठकर योगासनों का अभ्यास व मेडिटेशन अवश्य करना चाहिए। निशा द्वारा विभिन्न रोगों में किए जाने वाले आसनों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मनीषा द्वारा सभी आसनों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने इन सभी आसनों को करने की विधि व उपयोगिता बताई। शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता सुनीता रानी ने सभी छात्राओं को योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया।

## बीएमएस के पदाधिकारियों ने लंबित मांगों को लेकर किया रोष प्रदर्शन

- कर्मचारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर स्थानीय इकाई के कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कर्मचारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भी भेजा। लघु सचिवालय में आयोजित रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष छोटा गहलोत ने की जबकि संचालन जिला मंत्री प्रदीप गोच्छी द्वारा किया गया। छोटा गहलोत ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में ईपीएस 95 की न्यूनतम पेंशन पांच हजार रुपये की जाए व अंतिम तौर पर वेतन का 50 प्रतिशत व मंहगाई राहत पेंशन का भुगतान किया जाए। ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार रूपये से बढ़ाकर 30 हजार रूपये और ईएसआईसी की वेतन सीमा 21 हजार रुपये से बढ़ाकर 42 हजार रूपये की जाए। इसके अलावा सार्वजनिक संपत्ति की बिक्री पर तत्काल रोक, बीमा या वित्तीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत विदेशी निवेश पर रोक, स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा, असंगठित क्षेत्र के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराया जाना शामिल है।





झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए भारतीय मजदूर संघ के सदस्य व प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिलाध्यक्ष नीरज कुमार, मुमताज, राजेश, संदीप राठी, सुरेंद्र सुहाग, नवीन राठी, विक्रम, बीनू, शीशपाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### एनएचएम कर्मचारी लंबित मांगों को लेकर 23 मार्च को करेंगे सीएम का घेराव, सौंपा ज्ञापन

**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लगे कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं लेकिन अभी तक उनकी लंबित मांगें पूरी नहीं की गई। एनएचएम के जिला प्रवक्ता संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगें लंबा समय गुजरने के बावजूद पूरी नहीं हो पाई। ऐसे में कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष है। अब कर्मचारियों ने आगामी 23 मार्च को सीएम घेराव का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में कर्मचारियों द्वारा जिला स्तर पर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि इस घेराव प्रदर्शन में जिले से कर्मचारी बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। इस मौके पर पंकज वर्मा, एएनएम राजेश कुमारी, अखिल सिंघल, संदीप शर्मा, राकेश कुमार, रेखा, कमलेश, सुमन कुमारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

लाइफ Style



# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

## हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।




# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

## टीवी मसाला




# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

# सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जातनी हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।




***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल

## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।

### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की



को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*



**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

## खबर संक्षेप

### डॉ. श्रीकृष्ण दूहन बने नेहरू कॉलेज शिक्षक संघ के प्रधान

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में ऑल हरियाणा गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन की लोकल यूनिट का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। प्रोफेसर पुष्पेंद्र कादियान ने बताया कि सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से डॉ. श्रीकृष्ण दूहन को प्रधान, प्रदीप यादव को महासचिव, सुनील कुमार को संगठन सचिव और दीपक कुमार को कोषाध्यक्ष चुना। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आगामी दिनों में कॉलेज शिक्षकों के मुद्दों को जोर-शोर से उठाने का आश्वासन दिया। इससे पहले निवर्तमान कार्यकारिणी ने सभी उपस्थित सदस्यों के समक्ष अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

### आत्मनिर्भर हरियाणा बनाने वाला बजट

**झज्जर।** भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने नायब सरकार के बजट को सभी वर्गों का ध्यान रखने वाला जनकल्याणकारी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए निश्चित तौर पर मील का पत्थर साबित होगा। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में हरियाणा को सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2 लाख 5 हजार 17 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ प्रदेश के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया है। प्रदेश में कोई नया कर नहीं लगाने और 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का संकल्प नायब सरकार ने लिया है। इस ऐतिहासिक बजट के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।


विकास वाल्मीकि

### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने और उनके कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम इंटर्नशिप योजना चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पीएम इंटर्नशिप पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस योजना के तहत युवाओं को पांच हजार की मासिक इंटर्नशिप राशि और छह हजार रुपये की वन टाइम ग्रांट प्रदान की जाती है। योजना के तहत आगामी 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

### खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी

# इंटर पॉलीटेक्निक एथलेटिक मीट का हुआ आगाज, दौड़ में नेहा व मनीष रहे प्रथम

- चक्का फेंक व ऊंची कूद सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय बहुतकनीकी में मंगलवार से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय इंटर पॉलीटेक्निक एथलेटिक मीट का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके उपरांत खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी। खेल प्रभारी सतेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि संस्थान प्राचार्य दिगपाल सिंह ने जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता की वहीं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर नंद किशोर सरदाना विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सुबह से विद्यार्थियों की हलचल खेल मैदान पर दिखने लगी और जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, उनका उत्साह और जोश भी दोगुना होता गया। प्रतियोगिता परिणामों में 800 मीटर लड़कों की दौड़ में मनीष जीपी सिरसा प्रथम, अजय जीपी छपार द्वितीय और मिंटू जीपी इंद्री तृतीय रहे। लड़कियों की इसी स्पर्धा में नेहा रानी जीपी अंबाला प्रथम, पूजा एसजेपीपी दामला द्वितीय और पूजा जीपी नीलोखेड़ी तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा चक्का फेंक व ऊंची कूद सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। उन्होंने बताया कि खेल के इस महाकुंभ के सफल व निष्पक्ष आयोजन के लिए 11 प्रशिक्षक मैदान में हैं।





**झज्जर।** लंबी कूद स्पर्धा में भागीदारी करते हुए खिलाड़ी, विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद मुख्यातिथि कप्तान बिरधाना। फोटो :हरिभूमि

## बेरी अस्पताल में चिकित्सकीय टीम ने किया सफल सिजेरियन



**झज्जर।** सफल सिजेरियन उपरांत जच्चा-बच्चा के साथ मौजूद चिकित्सकीय टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सब डिविजनल हॉस्पिटल बेरी में महिला विशेषज्ञ डॉक्टर निधि व उसकी टीम द्वारा सफल सिजेरियन किया गया है। इस सफलता पर सीएमओ डॉ. ब्रह्मदीप सिंह ने चिकित्सकीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग आमजन की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। सब-डिविजनल हॉस्पिटल बेरी में सफल सिजेरियन टीम वर्क की सफलता है। सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। बेरी अस्पताल के एसएमओ डॉ. सुभाष सिंह ने बताया कि उनके अस्पताल में ट्यूबकमिक ऑपरेशन की शुरुआत की गई थी और अब इसी कड़ी में एक और नई शुरुआत सिजेरियन की हो गई है। उन्होंने इस उपलब्धि पर एनेस्थीसिया एसएमओ डॉ. नरेश, महिला विशेषज्ञ डॉ. निधि, बाल विशेषज्ञ डॉ. अशोक गोयल, नर्सिंग ऑफिसर मंजू चाहार, सहायक निर्मल को सफल सिजेरियन के लिए बधाई दी है।

## ढाकला में स्कूल मुखियाओं को दी उल्लास ऐप की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल ढाकला में उल्लास तथा अन्य विषयों को लेकर कलेक्टर स्तर की मीटिंग का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि मीटिंग में क्लस्टर ढाकला के सभी स्कूल हेड्स, उल्लास सर्वेयर्स, कोर्डिनेटर वंदना तथा ब्लॉक कोर्डिनेटर आकाश आदि ने भाग लिया। उन्होंने गांव के अशिक्षित महिला एवं पुरूषों के रजिस्ट्रेशन से लेकर उनके एग्जाम तक सभी होने वाली प्रक्रियाओं की विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा जहां उल्लास ऐप चलाने की जानकारी दी गई वहीं ऐप को चलाने से संबंधित कई डाउट भी दूर किए गए। प्राचार्य वेद प्रकाश ने क्लस्टर के सभी स्कूल हेड्स को यूडाइस का कार्य पूरा करने, एसीपी का कार्य पूरा करने, विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं व नए एडमिशन और रिजल्ट को लेकर भी विस्तार से चर्चा की।



**झज्जर।** उल्लास कार्यक्रम को लेकर आयोजित मीटिंग में मौजूद स्कूल मुखिया।

### प्लास्टिक वेस्ट की अनाधिकृत डंपिंग के खिलाफ जिले में धारा 163 लागू

**झज्जर।** जिलाधीश एवं डीसी प्रदीप दहिया ने प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संज्ञान लेते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 163 के आदेश लागू किए हैं। आदेशों के अनुसार जिले की सीमा में अनाधिकृत स्थानों पर प्लास्टिक वेस्ट को डंप करने पर पूर्णतया पाबंदी रहेगी। आदेश 18 मार्च से आगामी 17 मई तक जिले की सीमा में प्रभावी रहेंगे व संबंधित विभागों को आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। डीसीपी मुख्यालय, आरटीए सचिव व नप ईओ बहादुरगढ़ को आदेशों को लागू करते हुए कार्रवाई करने आदेश दिए गए हैं।


प्रदीप दहिया, जिलाधीश एवं डीसी झज्जर।

## एसडीएम ने सफाई कर्मियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

मंगलवार को अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और मैनुअल सिक्वेंजर अधिनियम 2013 के अंतर्गत एसडीएम रेणुका नांदल की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय सतर्कता व निगरानी कमेटी की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज होते ही तुरंत विभागीय कार्रवाई की जाए। उन्होंने कार्य स्थल पर सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। प्रत्येक विभाग, नगरपालिका के अलावा निजी कंपनी के सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच होनी चाहिए और उनको प्रशिक्षित करने के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जानी चाहिए। सफाई कर्मियों के पास पर्याप्त उपकरण, रबड़ दस्ताने, मास्क, सुरक्षा औजार और कार्य की प्रकृति के अनुरूप वर्दी होनी चाहिए।



**बेरी।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

### पीएम आवास योजना-ग्रामीण का सर्वे मिशन मोड में जारी, 1437 आवेदन जमा

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण 2.0 के तहत जिले में जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान का लाभ दिलाने के लिए व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वे के दौरान 18 मार्च तक जिले के सातों ब्लॉक से 1437 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। यह योजना उन ग्रामीण परिवारों के लिए बेहद अहम है, जिनके पास स्वयं का पक्का मकान नहीं है या वे जर्जर एवं कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं।

## रात दस बजे के बाद डीजे बजाने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसीपी

- अगर कोई भी रात दस बजे के बाद डीजे बजाता है तो आप उसकी सूचना डायल 112 पर दे सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को डीसीपी लोगेश कुमार ने शहर के मैरिज पैलेस व डीजे संचालकों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने मैरिज पैलेस व डीजे संचालकों को रात दस बजे के बाद लाउडस्पीकर व डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी के बारे में निर्देश देते हुए कहा कि यदि रात दस बजे के बाद कोई डीजे या लाउडस्पीकर बजाता है उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। आमजन से भी कहा कि अगर कोई भी रात दस बजे के बाद डीजे बजाता है तो आप उसकी सूचना डायल 112 पर दे सकते हैं जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्परता से मौका पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति रात दस बजे से पहले तथा सुबह छह बजे के बाद डीजे अथवा लाउडस्पीकर चलाना चाहता है तो इसके लिए उसे प्रशासनिक अनुमति लेना आवश्यक है। अनुमति लेकर भी डीजे या लाउडस्पीकर नियम अनुसार निर्धारित की गई आवाज तक ही बजाया जा सकता है। जिससे ध्वनि प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी डीजे संचालक अपने डीजे वाहन पर प्लेट लगाएंगे। जिस पर जिला पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन की तरफ से जारी की गई हिदायतें लिखी होंगी। इसके अलावा उन्होंने पुलिस कर्मियों को सड़कों पर ट्रैक्टरों के पीछे कानफोड म्यूजिक सिस्टम बजाते हुए पाए जाने पर तुरंत ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।



**झज्जर।** बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसीपी लोगेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

## राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**झज्जर।** मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में एनएसएस यूनिट एक और दो द्वारा सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। गांव के बाबा मूलदास मंदिर में शुरू किए गए इस शिविर की शुरूआत प्राचार्या अनीता रानी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए की। उन्होंने स्वयंसेवियों को एनएसएस के उद्देश्य एवं शिविर के दौरान रहने वाली उनकी भूमिका के विषय में जानकारी दी। स्वयंसेवियों द्वारा श्रमदान करते हुए मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की। सायंकालीन सत्र में सहायक प्राध्यापक पवन द्वारा जलवायु परिवर्तन और इसके दुष्प्रभाव पर व्याख्यान दिया गया। पहले दिन का समापन खेलकूद एवं संस्कृत गतिविधियों द्वारा किया गया।




**झज्जर।** शिविर के दौरान मौजूद स्वयंसेवी एवं संस्थान स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## विधानसभा में गूंजा शहर के बदहाल पार्कों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- शहर की सफाई व्यवस्था काफी बदहाल स्थिति में है
- शहर के सेक्टर-छह और सेक्टर नौ में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में विधायक गीता भुक्कल ने शहर के पार्कों की बदहाली का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का हलका होने के कारण लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर बार यहीं कहा जाता है कि टेंडर कराए जा रहे है,लेकिन पार्क की बदहाल स्थिति कब सुधरेगी इस बात का किसी को पता नहीं है। उन्होंने शहर के पंडित श्रीराम शर्मा पार्क की जमीन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने इस अपरोक्ष तौर पर एक तरह से पर कब्जे कर लिया है, लेकिन सरकार के बार-बार संज्ञान में लाए जाने के बावजूद भी इस पार्क की सुध नहीं ली जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर का मंगलीराम पार्क और मातुराम पार्क स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर बनाए गए थे,लेकिन यहां की स्थिति भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था काफी बदहाल स्थिति में है। शहर के सेक्टर-छह और सेक्टर नौ में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि झज्जर के खिलाड़ी प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करते रहे है, लेकिन शहर का एकमात्र स्टेडियम बुरे हाल में है। इसके अलावा शहर की सड़कों की हालत बदहाल है। विधायक गीता भुक्कल ने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को भी विधानसभा में उठाया।


गीता भुक्कल

**सार्वजनिक सूचना**

मैं छोटी पत्नी स्व. श्री दरिया सिंह निवासी मकान नंबर-195, वार्ड नंबर-5, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पुत्र सुभाष का देहांत हो गया था। मेरा पौता सोनू और पौत्रवधु मोनिका मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

### दिव्यांगों के अधिकारों को लेकर जागरुकता कार्यशाला आयोजित

# दिव्यांग व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी

- कार्यशाला में 60 विद्यालयों के प्राचार्य, मुख्य शिक्षक व प्रतिनिधियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के अधिकारों को लेकर एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 60 विद्यालयों के प्राचार्य, मुख्य शिक्षक व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने कहा कि दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों को अधिकार एवं अवसरों के प्रति जागरूक करने के लिए सबसे पहले शिक्षकों व स्कूल मुखियाओं को जागरुक होना पड़ेगा। इस कारण इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम से अवगत कराते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांग व्यक्तियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी। इसके साथ ही समय- समय पर विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के सर्टिफिकेट बनवाने के लिए विशेष शिविरों के आयोजन की जानकारी दी गई। वहीं एपीसी धर्मेंद्र ने बताया कि दिव्यांगों को चल-अचल संपत्ति का स्वामित्व या उत्तराधिकार लेने, अपने वित्तीय मामलों पर नियंत्रण रखने, बैंक ऋण, बंधक, और अन्य प्रकार के वित्तीय ऋण लेने, रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए आरक्षण कोटा, विशेष न्यायालयों का प्रावधान, दिव्यांगों की सहायता के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर निधि का निर्माण, ऑनलाइन मंच सुगम्य पुस्तकालय की शुरुआत आदि अधिकारों की जानकारी दी गई।



**झज्जर।** कार्यशाला में मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना। फोटो :हरिभूमि

**सार्वजनिक सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली**

**केस नं. 467/NT, तिथि दायरा 07.07.2022, तिथि पेशी 27/03/25, मौजा दादरी-तोय, तहसील बादली, जिला झज्जर**

मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं0 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18. इफको मार्ग, गुरुग्राम-122015 - (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह।

........प्रार्थी

बनाम

1. रोशनी विधवा व. 2. प्रदीप पुत्र व. 3. प्रमिला पुत्री नफेसिहं पुत्र बनवारीलाल, 4. भरपाई विधवा व, 5. कृष्ण, 6. सुनील पुत्रान व, 7. कमलेश, 8. किरणों, 9. सन्तरा पुत्रीयान सुबेसिहं पुत्र चन्दगी, 10. बिमला विधवा व, 11. विरेन्द्र, 12. सन्दीप, 13. प्रदीप पुत्रान राजपाल पुत्र मुन्नीलाल, 14. रोशनी विधवा व. 15. राजेन्द्र पुत्र रमेश पुत्र सुबेसिहं, सभी निवासीयान गांव औरंगपुर तहसील बादली जिला झज्जर एंव बिश्वेदारान गांव दादरी तोए तहसील बादली जिला झज्जर। 16. राजेश पुत्र सुबेसिहं पुत्र चन्दगी निवासी गांव औरंगपुर तहसील बादली जिला झज्जर एंव बिश्वेदारान गांव दादरी तोए तहसील बादली जिला झज्जर।

....उत्तरवादीगण

**दरखास्त तकसीम बाबत भूमि खेवट नं0 90/75 मौजा दादरी-तोए, जमाबन्दी साल 2020-21 तह० बादली व जिला झज्जर।**

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरूग्राम बनाम रोशन्ती आदि निवासीगण गांव दादरी- तोए तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा दादरी-तोए दरखास्त तकसीम बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 27/03/2025 को निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / उजर के लिए असालतन / वकालतान पेश होवे अन्यथा आपके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह समन / विज्ञापन आज दिनांक 27/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

**हस्ता/-सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, बादली**

**सार्वजनिक सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली**

**केस नं. 313/T, तिथि दायरा 08.10.2023, तिथि पेशी 27/03/25, मौजा लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर**

मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं0 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरूग्राम-122015 - (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह।

........प्रार्थी

बनाम

1. शरबती पुत्री व 2. हरिकिशन 3. विरेन्द्र पुत्रान रजकराम 4. सावित्री विधवा व 5. सन्जु 6. संगीता पुत्रीयान व 7. विपिन पुत्र औमप्रकाश पुत्र रजकराम। निवासीगण गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर।

....उत्तरवादीगण

**दरखास्त तकसीम बाबत भूमि खेवट नं0 93/81 मिन, मौजा लोहट, जमाबंदी साल 2021-2022, तह० बादली व जिला झज्जर।**

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरूग्राम बनाम शरबती आदि निवासीगण गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा लोहट दरखास्त तकसीम बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 27.03.2025 को निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / उजर के लिए असालतन / वकालतान पेश होवें अन्यथा आपके विरूध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह समन / विज्ञापन आज दिनांक 06.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

**हस्ता/-सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, बादली**

## खबर संक्षेप



### सीएम से मिलकर बजट के लिए दी बधाई

**बहादुरगढ़।** ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने चंडीगढ़ निवासी पर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर शानदार बजट पेश करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस बजट से नॉन स्टॉप हरियाणा के विकास को गति मिलेगी। मूलभूत सुविधाएं बढ़ेंगी। सैनी ने कहा कि जल्द ही प्रदेश की महिलाओं को 2100 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक मदद मिलना शुरू हो जाएगी। यह बजट युवाओं का भविष्य संवारने में कारगर साबित होगा। रोहित सैनी, भूपेंद्र सैनी, धर्मबीर सैनी, विशाल सैनी, प्रदीप कुमार, अमित शर्मा, नितिन चुघ व ललित पंवार आदि ने भी सीएम को बधाई दी।

### देशवाल ने दी बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया

**बहादुरगढ़।** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक देशवाल ने वित्त बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये प्रदेश को कर्ज में डुबोने और विकास को धक्का पहुंचाने वाला बजट है। बेरोजगारी से निपटने के लिए बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। किसानों की हालात दयनीय है। उनके साथ देवेंद्र दलाल छारा, यशदीप, सोनू, राकेश, टोनी, विकास सिलोठी आदि ने भी बजट में जनहित की अनदेखी करने की निंदा की।

### 23 मार्च को शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर

**झज्जर।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर 23 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। भगत सिंह चौक के नजदीक चौधरी छोटूराम किसान धर्मशाला में शिविर प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा।

वेतन संबंधित मांग को लेकर आंदोलन

# दूसरे दिन भी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वेतन संबंधित मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को कर्मचारियों ने नप गेट पर धरना देकर जमकर नारेबाजी की। वहीं इस हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है। चौक, चौराहों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं तो बाजारों और गलियों में कचरा फैला हुआ है।

दरअसल, नगर परिषद के इन कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा। अब भी इनका तीन माह का वेतन बकाया है। इससे पहले ये तीन, चार बार हड़ताल कर चुके हैं। फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। इस वजह से इन्होंने एक बार फिर से सोमवार को हड़ताल शुरू कर दी। अनुबंधित सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को धरना देते हुए नारेबाजी की। नगर पालिका कर्मचारी संघ के नेता भी इनके समर्थन में आगे आए हैं। इकाई प्रधान राजेश का कहना है कि ये तमाम कर्मचारी बेहद निर्धन हैं। पेट के खातिर अपना जीवन जोखिम में डालकर ये शहर को साफ करते हैं। बदले में इनको इनका मेहनताना भी समय पर नहीं मिलता। इससे पहले भी कई बार हड़ताल कर चुके हैं। अधिकारी केवल आश्वासन देते हैं लेकिन इनकी समस्या का समाधान नहीं कर रहे। पूरा वेतन देने के बजाय टुकड़ों में थोड़े थोड़े रुपये ठेकेदार देता है। फिलहाल भी तीन माह का वेतन बकाया है। इस वजह से ये कर्मचारी बहुत परेशान हैं। इन्हें अपना घर चलाने में भी मुश्किल हो रही है। इसलिए परेशान होकर फिर से ये हड़ताल पर बैठे हैं। अब जब तक इनको इनका पूरा वेतन और चार छुट्टियां नहीं दी जाती, तब तक हड़ताल खत्म नहीं होगी। नगर पालिका कर्मचारी संघ पूरी तरह इनके साथ है। यदि जल्द ही इन्हें इनका हक नहीं मिलता है तो संघ आंदोलन करने से भी पीछे नहीं रहेगा। उधर, दूसरी तरफ इस हड़ताल के चलते शहर में सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है।



बहादुरगढ़। नारेबाजी करते हड़ताली कर्मचारी।

### चोरी के जेवर खरीदने वाला जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मॉडल टाउन में स्थित मकान में हुई चोरी की वारदात के सिलसिले में पुलिस एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाई। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा कर दिया। आरोपी ने चोरी किए गए आभूषण खरीदे थे। उसे जेल भेज दिया गया है।

सीआईए प्रभारी रवींद्र कुमार के अनुसार, मॉडल टाउन के निवासी नितिन ने शिकायत दी थी कि चार जनवरी को वह अपने परिवार सहित केरल में घूमने गया था। इसी दौरान मकान में वारदात हो गई। दस जनवरी को वापस आए तो मकान खुला हुआ मिला। अंदर जांच करने पर सोने, चांदी के आभूषण नहीं मिले। इस संबंध में सिटी थाने में केस दर्ज हुआ। मामले में कार्रवाई करते हुए झज्जर जेल में बंद एक आरोपी को सीआईए प्रोडक्शन वारंट पर लाई। आरोपी की पहचान राकेश निवासी खरखोदा के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि इसने चोरी किए हुए गहने खरीदे थे। इसकी निशानदेही पर पुलिस ने 70 हजार रुपये बरामद किए हैं।

## नरेश कौशिक ने बजट को सर्वहितकारी बताया



बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं के साथ बजट को लेकर चर्चा करते पूर्व विधायक ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट को सर्वहितकारी बताया है। उनके अनुसार दूरदर्शिता और अंत्योदय उत्थान की भावना को ध्यान में रखते हुए जनभावनाओं अनुरुप जनहितैषी और लोक कल्याणकारी बजट पेश किया गया है। इस बजट से हर वर्ग से जुड़े लोग लाभांवित होंगे। विकसित भारत-विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने में नायाब बजट मील का पत्थर साबित होगा। इस बजट से प्रदेश में सर्वांगीण व समावेशी विकास को नई गति मिलेगी। सीएम ने ऐतिहासिक बजट पेश किया है।

### चोरी मामले में आरोपी एक दिन के रिमांड पर

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा क्षेत्र के गांव दादरी तोए में मकान से नगदी और आभूषण चोरी करने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दुलीना चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रीना ने बताया कि दादरी तोए गांव निवासी एक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गए आरोपी की पहचान रिंकू निवासी गांव बिरधाना जिला झज्जर के रूप में हुई। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## माउंट व्यू में विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के माउंट व्यू स्कूल में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया।

राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में कांस्य पदक जीतने वाली निकिता व दक्ष, राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाली खनक, राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाली इशिका तथा राष्ट्रीय स्तर पर वॉकिंग प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता रही रीतिका को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्कूल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर ने बताया कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाता है। विशेष प्रशिक्षण देने के लिए फुटबॉल, कबड्डी खो-खो व बास्केटबॉल आदि खेल एकेडमी बनाई गई हैं। समय-समय पर होने वाले राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में माउंट स्कूल के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं तथा स्कूल का नाम रोशन करते हैं। समय-समय पर विज्ञान, गणितव अंग्रेजी ओलंपियाड, प्रदर्शनी व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उन्होंने प्रधानाचार्य सुरेंद्र छिल्लर के साथ विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक तथा कांस्य पदक देकर सम्मानित किया।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते देवेंद्र लाठर व अन्य।

### बजट से बहादुरगढ़ को मिली निराशा

**बहादुरगढ़।** युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रदीप यादव के अनुसार नायब सरकार द्वारा पेश किए गए वित्त बजट में बहादुरगढ़ को फिर से निराशा हाथ लगी है। क्षेत्र के लिए कोई भी बड़ी घोषणा बजट में नहीं की गई है। प्रदीप ने कहा कि पिछले करीब साढ़े दस वर्षों से बहादुरगढ़वासी मेट्रो विस्तार के वादे तो बहुत सुनते आ रहे हैं, लेकिन धरातल पर प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। शहर में पूर्ण उत्तरी बाईपास, एलिवेटेड रेल ट्रेक और रेलवे फाटकों पर अंडरपास की मांग भी नजरअंदाज किया गया।



प्रदीप यादव

## सुमित व उमेश का चयन, अखाड़े में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ग्रीको रोमन स्पर्धा के दो पहलवानों ने सीनियर एशिया चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बना ली है। सुमित दलाल का चयन 60 किलो भारवर्ग और उमेश का चयन 63 किलो भारवर्ग में हुआ है। हिंद केसरी सोनू पहलवान अखाड़े के दोनों पहलवानों के चयन से इलाके में खुशी की लहर है। अर्जुन अवार्डी कोच धर्मेंद्र दलाल के अनुसार दोनों पहलवानों से देश के लिए मेडल जीतने की उम्मीद है। पहलवान उमेश अपने भारवर्ग में नेशनल चैंपियन है। इस बार उसकी तैयारी पहले से अच्छी है। साहिल ने भी ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन किया। सुमित दलाल और उमेश का सोनू अखाड़े में स्वागत किया गया। पहलवानों ने उनके पदक जीतने की कामना व्यक्त की। इस मौके पर हिंद केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवार्डी कोच ओमवीर सिंह, सेठी पहलवान, सुधीर कोच, रिंकू कोच, अनुराग कोच, भारत केसरी काला पहलवान, मुकेश, कृष्ण, कुक्कड़ उस्ताद, बिल्लू ठेकेदार, रामकिशन जाखौदा, संजय रूहल, पवन जाखौदा, पातर सिंह, सतेंद्र रूहल, राहुल फिजियो, स्वरूप, राकेश, बलजीत, जितेंद्र आसौदा, गुड्डा नेवी, विरेंद्र, सोनू गुरूग्राम आदि ने उन्हें जीत के लिए शुभकामनाएं दी। दरअसल, खेल मंत्रालय से बैन हटने के बाद भारतीय कुश्ती संघ आधिकारिक तौर पर 25 से 30 मार्च तक जॉर्डन में होने वाली सीनियर एशिया चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती दल भेज रहा है।



बहादुरगढ़। चयनित पहलवानों का स्वागत करते कोच और साथी पहलवान।

## बादली कॉलेज में सप्तरंग का समापन, शानदार प्रस्तुति

**बहादुरगढ़।** बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सप्तरंग कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, एकल नृत्य, भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी आदि प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्राचार्य आनंद कादयान ने दीप प्रज्जवलित कर गतिविधियों का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन निशा ने किया। मंच संचालन पूनम शर्मा व डॉ. संजय कुमार ने किया। प्रतियोगिताओं के दौरान निर्णायक मंडल में डॉ विजय सिंह, डॉ. मंजू रानी, शर्मिला, डॉ. रमेश कुमार, विकास शर्मा, डॉ. पूनम रानी, डॉ. समता, डॉ. सरिता, आशा व डॉ. आरती आदि शामिल रहे। संगीत में प्रिया प्रथम व सन्नी द्वितीय रहा। एकल नृत्य में हेमलता प्रथम, अंजू द्वितीय व तन्नू तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम, जयंत पहल द्वितीय तथा वर्षा व नितिन तीसरे स्थान पर रहे। हरियाणवी कविता पाठ में पिंकी प्रथम, हेमलता द्वितीय व लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। हिंदी कविता पाठ में जयंत पहल प्रथम और नितिन द्वितीय स्थान पर रहा। फोटोग्राफी में नितिका प्रथम व कोमल द्वितीय स्थान पर रही। जबकि वीडियोग्राफी में कोमल प्रथम व नितिका द्वितीय स्थान पर रही। विजेताओं को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



बहादुरगढ़। समापन समारोह में विद्यार्थियों के साथ कॉलेज स्टॉफ।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती छात्राएं।

## बुद्धोमाता मेला आज, लगाई बैरिकेडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के माता गेट स्थित बुद्धोमाता मंदिर पर लगने वाले वार्षिक मेले और पूजा-अर्चना के दौरान उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार शाम से दूर-दराज से आए दुकानदारों ने भी मेला परिसर में अपनी स्टॉल लगानी शुरू कर दी है। प्रबंधन कमेटी द्वारा जहां माता के मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया वहीं बैरिकेडिंग व्यवस्था भी की गई है। मंदिर कमेटी सदस्य शिशुपाल मलिक, संजय शर्मा ने बताया कि माता के मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए सेवादारों को जिम्मेवारियां सौंपी जा चुकी है। लोगों में आस्था इतनी है कि लोग अलसुबह ही माता की पूजा-अर्चना के लिए पहुंच जाते हैं। बता दें कि बुद्धोमाता के प्रसाद के रूप में महिलाओं द्वारा एक दिन पहले गुड़ के चावल बनाकर बासी पकवान का भोग लगाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार शीतला माता को समर्पित यह लोकप्रिय त्यौहार है। बासी प्रसाद चढ़ा कर जहां मां की आराधना की जाती है वहीं स्वयं भी श्रद्धालुओं द्वारा बासी प्रसाद का भोजन किया जाता है।



झज्जर। बुद्धोमाता मंदिर में सजाए गए दरबार के समक्ष खड़े कमेटी सदस्य।

### पूर्व विधायक ने बजट पर उठाए सवाल

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र जून के अनुसार हरियाणा की भाजपा सरकार का बजट पूरी तरह से दिशाहीन है। बजट में बहादुरगढ़ की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। उनके अनुसार पिछले 10 वर्षों से भाजपा सरकार मेट्रो को बहादुरगढ़ से आसौदा ले जाने की बात कर रही है, मगर आज तक मेट्रो 1 इंच भी बहादुरगढ़ से आगे नहीं बढ़ी। अगर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन जाती तो मेट्रो रोहतक तक पहुंचती।



राजेंद्र सिंह जून

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

विधायक ने बजट को कल्याणकारी बताया

# राजेश जून ने विधानसभा में उठाई बहादुरगढ़ की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बजट सत्र में मंगलवार को अपनी बात रखते हुए विधायक राजेश जून ने बहादुरगढ़ हलके की समस्याओं का स्थाई समाधान करने तथा विकास की नई योजनाओं को इसी बजट में मंजूरी देने की मांग की। साथ ही कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किया गया बजट प्रदेश को बुलंदियों पर ले जाएगा। बजट में महिलाओं का विशेष ध्यान रखने के लिए उन्होंने सीएम का आभार जताया।

हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक राजेश जून ने बहादुरगढ़ हलके की मौजूदा समस्याओं तथा विकास की नई योजनाओं की मांग जोरदार तरीके से उठाई। उन्होंने कहा कि बड़े औद्योगिक नगर में लाखों श्रमिक हैं, उनके बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ाई जाए। तब तक सरकारी स्कूलों को दो शिफ्ट में चलाया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली से निकटता तथा खरखोदा मारुति प्लांट के निर्माण के बाद बहादुरगढ़ में ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ गई है। इसके समाधान के लिए बहादुरगढ़ में एक नया उत्तरी बाईपास बनाया जाए। सरकारी अस्पताल में आईसीयू व सीटी स्कैन की सुविधा समेत अत्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। रेलवे फाटकों पर जाम लगा रहता है और कई हादसे से हो चुके हैं। इसलिए बहादुरगढ़ में तीन नए रेलवे ओवर ब्रिज बनाए जाएं। सीवरेज व्यवस्था में सुधार के लिए सुपर स्कर मशीन उपलब्ध करवाने की मांग की। जम्मू कटरा हाईवे की निलोठी गांव के निकट कनेक्टिविटी देने की मांग भी विधायक राजेश जून ने उठाई। साथ ही पहलवानों के लिए विख्यात मांडोठी गांव में आधुनिक खेल स्टेडियम बनाने की मांग भी उन्होंने विधानसभा में रखी। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के पदचिह्नों पर चलते हुए सीएम भी समाज के सभी वर्गों की भलाई व सेवा में जुटे हैं।



बहादुरगढ़। विधानसभा में बहादुरगढ़ की आवाज उठाते विधायक राजेश जून।

### युवक को गोली मारने का आरोपी एक दिन के रिमांड पर

- बामड़ोली में हुई थी वारदात
- गोली से घायल युवक की हालत गंभीर

**बहादुरगढ़।** गांव बामड़ोली में अपने परिवार के सदस्य को गोली मारने के आरोपी शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से वारदात में प्रयोग किया गया हथियार बरामद किया गया है। पूछताछ के लिए उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। दरअसल, सोमवार की सुबह बामड़ोली में झगड़े के दौरान अक्षय नाम के युवक को गोली मार दी गई थी। अक्षय को पेट में गोली लगी। वह एक निजी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर है। गोली मारने का आरोप परिवार के ही एक सदस्य प्रवीण पर लगा। लाइनपार थाना पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रवीण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से हथियार व गोली का खोल बरामद किया गया है। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लिया गया है।

## 14 देशों में मेंटल अवेयरनेस का संदेश देने निकले महेश



बहादुरगढ़। सेक्टर-9 में महेश के साथ बीआरजी के सदस्य।

- यात्रा कर रहे रेवाड़ी के महेश सेक्टर-9 में बीआरजी प्वाइंट पर पहुंचे, धावकों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

/"मेनटल अवेयरनेस/" का संदेश देने के लिए 14 देशों की यात्रा पर निकले महेश का मंगलवार को बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 में बीआरजी प्वाइंट पर समर्थन और सम्मान किया गया। बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्हें माला पहनाकर और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।

बता दें कि रेवाड़ी के महेश मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देने के लिए 14 देशों की यात्रा पर निकले हैं। अपनी इस यात्रा पर निकले महेश मंगलवार सुबह बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान वे विभिन्न देशों में जाकर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों को जागरुक करेंगे। उनकी यात्रा भारत से शुरू होकर नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, श्रीलंका और मालदीव तक जाएगी। इस अवसर पर मौजूद रहे प्रवीन सांगवान, दीपक छिल्लर, सागर ओहल्यान, नरेश शर्मा, जयदेव राठी, अजय कंडोल, जगजीत राठी, अनिल पंजेठा, संदीप, शिव वर्मा, नवीन शर्मा, शरनाम, रमेश शर्मा, लक्ष्मण, पुष्कर, धर्मेंद्र शर्मा, कंचन, सुरेंद्र बेनीवाल, राजीव कुमार, भोजराज टाक आदि ने महेश के प्रयासों की सराहना की।